LOK SABHA DEBATES

VOL. XXIV FIRST DAY OF THE EIGHTH SESSION OF SEVENTH LOK SABHA NO I

LOK SABHA

Thursday, February 18, 1982/Magha 29, 1903 (Saka)

The Lok Sabha met at thirty-two minutes past Twelve of the Clock.

MR. SPEAKER *in the Chair*

MEMBER SWORN

SHRI RAMPRASAD AHIRWAR (Sagar)

श्री मनीराम बागड़ी (हिसार) : गढ़वाल में एलेक्शन कराओ । गढ़वाल में चनाव क्यों नहीं करा रहे हैं?

SHRI A. NEELALOHTHADASAN NADAR (Trivandrum): You do not have the courage to conduct in Garhwal. You are afraid of elections.

श्री आर. एन. राकेश (चैल) : गढ़वाल में एलेक्शन कराने से सरकार घबड़ाती है।

एक माननीय सदस्य : गढ़वाल में क्या हो गया? गढ़वाल में चुनाव क्यों नहीं करवा रहे हैं?

श्री आर. एन. राकेश : हिम्मत नहीं है सरकार की गढ़वाल में चनाव कराने की ।

12.33 hrs.

PRESIDENT'S ADDRESS

SECRETARY: I lay on the Table a copy of the President's Addrss to both Houses of Parliament assembled together on the 18th February, 1982.

SHRI A. NEELALOHITHADASAN NADAR (Trivandrum): The Prime Minister (*Interruptions*)...... 200 or so. This Government does not deserve the Address by the President. We have already filed our objections to the President and I am laying this *Interruptions*)

PRESIDENTS ADDRESS

Honourable Members, it gives me pleasure to welcome you to this first session of Parliament in the year 1982. I extend my best wishes to you for the successful completion of the budgetary and the legislative business ahead.

2. The year 1981-82 was a year of further consolidation. The rate of inflation was substantially curtailed in spite of the unfavourable international economic environment. The improvement in the performance of the infrastructure in the current year and the formulation of the revised Twenty Point Programme provide the basis for further growth along with stability and greater social justice. During April 1981—January 1982, power generation increased by 11.3 per cent, coal production by 11.2 per cent and railway goods traffic by 14.4 per cent compared to the corresponding period of the previous year. In fact the Railways will be achieving this year an all time high loading of over 220 million tonnes, bettering the previous best figure by over 8 million tonnes. All important industries have recorded significant increases during April 1981—January,

*The Speaker not having subsequently accorded the necessary permission the paper was not treated as laid on the Table.

1982 notable examples are saleable steel (18.7 per cent), cement (15.0 per cent nitrogenous fertilizer (51.9 per cent), crude petroleum (61.2 per cent) and petroleum products (18.4 per cent).

3. There are firm indications that there will be even more impressive production in these and other industries. In fertilizers, with the expected commissioning of three new plants and expansion in existing ones, production capacity will increase from 45.75 lakh tonnes to 53 lakhs tonnes of nitrogen and 12.82 lakh tonnes to 14.90 lakh tonnes of phosphate. In petroleum, the year 1981-82 may close with a total production of over 16 million tonnes of crude oil compared to 10.5 million tonnes during 1980-81. The discovery of oil in structures east of Bombay High, in the Palk Strait, in Sisodra in Gujarat and Napamua in Assam and of gas Baramura in Tripura and in Kudara in Gujarat is an assurance that the tempo of production will be further accelerated. Our Refinery capacity increased from 31.8 million tonnes in 1980-81 to 37.8 million tonnes in 1981-82. The production of LPG, which went up by 15 per cent in the current year, is estimated to increase further by about 40 per cent in the year ahead and will show a marked change in the demand-supply position. Production in the six integrated steel plants is expected to touch the highest ever level of 7.2 million tonnes of saleable steel, exceeding last year's production by more than a million tonnes and marking a capacity utilisation of nearly 84 per cent. In September 1981 Government approved the proposal for the establishment of an integrated steel plant at Paradeep. This oupled with the earlier decision to set up an integrated steel Plant at Visakhapatnam indicates Government determination to augment existing capacities to achieve a state of self-reliance in this core sector.

4 In order to maintain the tempo already generated in industrial production and accelerate economic growth, the year 1982 is being observed as "Productivity Year" and we shall have an intensive drive to maximise utilisation of capacities available in all sectors of the economy.

5. The outlook for agricultural production in 1981-82 is encouraging. Preliminary assessment indicates that the Kharif food grains production might reach an all-time level of 79.9 million tonnes. For the year as a whole, foodgrains production is expected to exceed the previous record level of 132 million tonnes. This compares favourably with the production of 1129.9 achieved in 1980-81, which itself was 28.4 per cent higher than in 1979-80.

6, The production of sugarcane, which had slumped to 129 million tonnes in 1979-80 had reached 150.5 million tonnes in 1980-81 and is expected to be between 170 and 180 million tonnes this year. The forecast for pulses this year is 12 to 13 million tonnes compared to 8.6 million tonnes in 1979-80 and 11.2 million tonnes in 1980-81. While Government have made arrangements to ensure availability of agricultural inputs in sufficient quantity and in time, the major credit for our improved agricultural performance must go to the enterprise, dedication and hard work of our farmers.

7. During 1980–81 an additional irrigation potential of 24 million hectares was created. Another 2.6 million hectares are expected to be covered during 1981-82, giving an additional coverage of 5 million hectares during these two years. Our objective is to add 3 million hectares per year during the remaining 3 years of the Sixth Plan. This will be the biggest effort by any country in bringing additional land under irrigation in one year. Government have also prepared a National Perspective Plan for Water Resources Development. A National Water Development Agency will be established to carry out investigations and formulate, in consultation with the State Governments, a plan for the optimum development and utilisation of available waters, initially of the peninsular

rivers. Two important developments during the year were the understanding on the utilisation of Narmada waters and the agreement on sharing of the surplus flows of the Ravi and Beas. I congratulate the States, concerned.

8. A Central Land Resources Conservation and Development Commission is being constituted to provide expert guidance in formulating national policies relating to management of land resources and also coordinate activities of the State Land Use Boards with the enforcement of the Forest (Conservation) Act, 1980, diversion of forest land which was of the order of nearly 1.5 lakh hectares per annum in the earlier years, has been controlled. As the Indian Forest Act, 1927 is not applicable uniformly in all the States, it is proposed to bring forward comprehensive legislation to replace the existing law. As part of the social forestry programme, a total number of 135 crore seedlings are expected to have been planted in 1981-82. The enactment of legislation to establish a National Bank to improve the quantity and quality of credit flows to rural areas is a significant step.

9. The energies of the Government continued to be focussed on controlling inflation. The components of the anti-inflationary strategy were higher production, better capacity utilisation, strengthening the public distribution sysem, imports of essential commodities wherever necessary, fiscal and monetary discipline, and curbing the avtivities of anti-social elements. The annual rate of inflation as measured from point to point movement in the wholesale price index has come down from 22.2 per cent as on the week ended 12 Janiary, 180 to 147 per cent as on the week ended 10 January, 1981 and further to 6.9 per cent for the week ended 9 January, 1982. During the current financial year i.e 28 March 1981 and 23 January 1982, the index has gone up only by 2.8 per cent which is significantly lower than the rise of 14.1 per cent in the same period last year. The number of Fair Price Shops stood at 2.98 lakhs in November, 1981 compared to 2.73 lakhs in March 1981. There will be no slackening of vigilance in the fight against inflation.

10. While the present approach promies further results in the fight against inflation, far greater efforts are required to deal with the deterioration in the balance of payments situation. Owing to the sharp increase in the import prices of oil and oil products in 1980-81, the trade deficit increased to about Rs. 5,500 crores in that year compared to Rs. 2,450 crores in 1979-80. To meet the situation and to ensure continued development Government have entered into an extended agreement with the International Monerty Fund. This agreement will enable the drawing of SDR 5 billion over the next three years.

11. A series of measures have been taken to promote exports, as a result of which exports are estimated to have shown an increase of 15.4 per cent during April-November, 1981. Further, as a result of the steps taken to increase the productive capacity of the economy, the rise in the import bill during this period has decelerated to 11.4 per cent. There is reason to believe that the tendency in the last few years for the trade gap to widen will be arrested in 1981-82. Parliament also knows that an Export-Import Bank has been established to help credit availabilities for exports. High priority will continue to be given to export promotion during the coming years.

12. The overall rate of growth in the output of the public sector industries under the Central Government is estimated as 20 per cent in April-September 1981 over the corresponding period last year. There is scope and need for much better performance. Steps are being taken to streamline and improve the working of these enterprises through better delegation

of powers, simplification of procedires and stricter enforcement of accountability.

13. The Government are vitally concerned with the welfare of workers, who contribute in no small measure to national production and productivity. Legislation is proposed to be introduced in the present session to amend labour laws relating to industrial disputes, trade unions and standing orders to remove procedural delays and secure speedy justice to workers. The industrial relations machinery is being strengthened and streamlined to anticipate labour problems and to take prompt ameliorative action.

14. The 20-Point Programme has been revised to impart greater dynamism to some key social and economic programmes included in the Sixth Plan. In broad terms, it concretises what the Sixth Plan means for us all, particularly for the weaker sections. Special emphasis is being given to programmes to assist specific target groups through the Integrated Rural Deelopment Programme, the Scheduled Castes Component Plan and Hill and Tribal Sub-Plans, the slum improvement programme and allotment of house sites to rural families. While the thrust of the revised 20-Point Programme continues to be providing better living conditions for the less privileged sections of the population, the programme as a whole aim at all round improvement in productivity.

15. The census of 1982 underlined anew the importance of population control. Government give high priority to voluntary family planning as an essential ingredient of people's well-being and national progress and have included it as part of the revised 20-Point Programme. It is our objective to bring down the birth rate to 21 and the death rate to 9 per thousand by the end of the country.

I should also like to draw attention to the fact that national programmes for the control of leprosy and blindness have been intensified in furtherance of the objective of Health for All by A.D. 2000. These two programmes are now being treaed as 100 per cent centrally sponsored.

16. The provision of elementary education for all children, and the covering of the illiterate adult population with appropriate educational programmes is being accelerated. Government have also launched a substantial programme of non-formal education. It is proposed to revise the content of vocational education. In higher education, especially higher technological education, the emphasis will be on quality.

17. Considerable headway was made in space technology and communication during the year. Three Indian-made satelites were launched—Rohini, with the help of our own satelite launching vehicle, the experimental communications satelite APPLE and the earth-observation Satelite Bhasker-II. India became one of the few countries to have a domestic satelite communications network when in November 1981 with the help of INTELSAT-IV, satelite communication links were extended to remote areas in Leh in Jammu & Kashmir, Aizawl in Mizoram, Port Blair and Car Nicobar in the Andaman and Nicobar Islands, and Kavaratti in Lakshadweep. 'A' troposcatter communication-link was established with the Soviet Union, under-sea link with Sri Lanka and a microwave link with Bangladesh. The next major event will be the launching of the multipurpose Indian National Satellite (INSAT) in April 1982 and its utilisation for meteorological capability, communications and radio and television coverage. The micro-wave link, with TV capability between major cities of India like Madras, Bangalore, Bombay, Delhi has already been established. The link between Delhi and Calcutta and Delhi-Srinagar will be completed by June 1982 and a large number of urban and rural areas will be covered through the satelite and the micro-wave system.

18. During the year a Science Advisory Committee to the Cabinet (SACC) was constituted. In order to lessen unemployment among science and technology personnel, Government is establishing a Science & Technology Enterpreneurship Development Board. Other major steps are the establishment of a Commission of Additional Sources of Energy which has already initiated wide-ranging programmes of research and development and demonstration all over the country on a large cable, the decision to form a National Biotechnology Board to ensure coordinated work in biotechnology, which has implications for agriculture, medicine and industry, and the setting up of a National Institute of Immunology in Delhi and at Plasma Physics Programe in Ahmedabad.

19. The Department of Environment has taken up programmes to prevent eco-destruction. It has also set up a National Eco-Development Board. The Department has introductd procedures to ensure environmental impact assessment of large projects and monitoring the implementation of enviornmental safeguards in such projects.

20. The Department of Ocean Development, which was established in July 1981 is preparing a perspective plan of ocean development. It organised a scientific expedition to Antarctica. The leader is back and the others will soon be returning after a successful voyage of over two months. The expedition covers a wide range of scientific investigation in fields like meteology, glaciology and oceanography.

21. I now turn to some problems concerning law and order. There cannot be forward movement without the assurance that national energies are not frittered away on agitations engineered by sectional interests .Government are distress at the outrages perpetrated against members of Scheduled Caste communities at some places and are determined to ensure that all sections of the population live in safety and honour. The guilty will be firmly dealt with. The problems confronting these classes are part of the larger socio-ecenomic problems of the country. The fullest co-operation of the public is necessary to fight against the forces of communalism and casteism, who are often in league with anti-social elements. Programmes for the integrated socio-economic development of Scheduled Castes and Scheduled Tribes and weaker sections have been intensified and much larger outlays than ever before have been provided. Their implementation wil be closely monitored.

22. As part of their earnest efforts to find a fair and satisfactory solution to the problems of foreigners in Assam, Government held several rounds of talks with the representatives of the agitating organisations and leaders of political parties. These efforts are continuing.

23. The international situation has deteriorated. Military presences around us have increased. This danger should make all of us determined to safeguard national security and interests through non-alignment and the peaceful resolution of differences. We earnestly hope that the major military powers will realise the futility of confrontation and arrest the diversion of resources from development and welfare to armaments. It is regrettable that the strategic considerations of other countries should cast extra burdens on us. We cannot afford to be complacent. The nation will be called upon to make heavy sacrifices to maintain preparedness at all times to meet external challenges.

24. With our immediate neighbours we have continued to seek relationships of greater mutual trust and closer friendship. I have just paid a useful visit to Sri Lanka, as I did earlier to Nepal and Indonesia. The King of Bhutan will soon be in our country Our Foreign Minister visited Burma, Vietnam and Thailand . With Bangal-

desh we have had a series of useful exchanges of views. Further steps have been taken to improve relations with China. Following the visit of the Chinese Foreign Minster during this year, an official delegation went to Beijing to discuss international and bilateral issues including the question of boundary and territory. As regards Pakistan, Parliament is only too well aware of the nationwide concern after that country decided to acquire sophisticated arms and the persistent international reports about its nuclear programme. While announcing its move to go in for advanced aircraft, Pakistan also informed us of its desire to have a no-war pact, a suggestion we had put to them several times and in different forms over the years. In December 1981 we gave Pakistan and outline of the priniciples which might govern our discussions towards that end. This dialogue was carried forward during the recent visit of the Pakistan Foreign Minister. We reiterated our desire for peace and friendship and our stand that issues should be bilaterally resolved. We are glad that Pakistan has accepted our proposal for a Joint Commission to examine, renew and promote the entire range of relations between our two countries.

25. Elsewhere on our continent, tensions persist. The problem of Afghanistan and the Iran-Iraq conflict remain unresolved. The Palestinian people's rights continue to be obstructed. The Indian Ocean is far from becoming a zone of peace.

26. There are a few hopeful signs also, such as the renewed elan of the Non-Aligned Movement following the Conference of Foreign Ministers of Non-Aligned Countries in New Delhi last year, the initiatives of the Commonwealth countries to promote greater international cooperation, and the begining, however tenuous, of efforts for a dialogue between developed and developing countries. The Prime Minister participated in the Commonwealth Heads of Government Meeting in Melbourne and in the International Conference on Co-operation for Development in Cancun, Mexico. Her visits during the year to Australia, Bulgaria, Fiji, France, Italy, Kuwait, Kenya, Indonesia, Philippines, Rumania, Seychelles, Switzerland, Tonga and the United Arab Emirates led to further strengthening of friendship with those countries. Since I last addressed you, we have had visits from the Heads of States or Governments of Kenya, the Federal Republic of Genmany, Guinea, Tanzania, Britain, Bahrain, PDR Yemen, Zimbabwe, Nauru, Australia, Madagascar, Botswana, Ghana, Venezuela, Uganda, Spain and Sweden all of which were useful. We look forward to the visit next week of President Nyerere and to the Conference of some developing countries. Greater co-operation among developing countries is mutually beneficial and strengthens them collectively in their dealings with the advanced countries.

27. In the present Session besides dealing with pending business a large number of fresh legislative measures will come up for your consideration. Among these are:

The Land Acquisition (Amendment) Bill, 1982; and The National Waterway Bill, 1982 to declare the Ganga between Allahabad and Haldia as a national waterway.

28. Hon. Members, the world is passing through difficult times. Our own problems are not inconsiderable. Fortunately we are a nation imbued with a sense of purpose. Our people have also shown commendable capacity to rally together in moments of challenge. Political differences are bound to exist in a democracy which guarantees freedom of opinion and organisation. But differences should not degenerate into discord. The good of the nation is an objective for which we must learn to cooperate, transcending disputes. We have the strength and the resources to move forward speedily. The first two years of the Sixth Plan were years of consolidation. Let us now use this strength to make the next three years of the Plan, years of a march forward.

JAI HIND.

माननीय सदस्यगण, मुझे बड़ी खुशी हो रही है कि 1982 के साल में पार्लियामेन्ट के इस पहले सत्र में मैं आपका स्वागत करता हूं । आपके सामने बजट और विधान कार्य के सिलसिले में जो काम है उसको सफलता के साथ पूरा करने के लिए मैं आपको अपनी शुभकामनाएं पेश करता हूं ।

2. 1981-82 के साल में हमारा काम और मजबूत हुआ है । दुनिया भर में आर्थिक वातावरण ठीक न होने के बावजूद, मुद्रा के फैलाव को काफी हद तक कम कर दिया गया है। चालू साल में हमारे बुनियादी ढांचे में सुधार से और संशोधित बीस-सूत्री कार्यक्रम के एलान की बुनियाद पर हम और टिकाव तथा ज्यादा समाजी न्याय के साथ आगे बढ़ सकेंगे । अप्रेल, 1981 और जनवरी, 1982 के दौरान पिछले साल इसी अर्से के मुकाबले बिजली की पैदावार में 11.3 फीसदी की बढ़ोतरी, कोयले की पैदावार में 11.2 फीसदी और रेल से माल की ढुलाई में 14.4 फीसदी इजाफा हुआ है. दरअसल, रेलवे इस साल 22 करोड़ मीट्रिक टन से भी ज्यादा माल की ढुलाई का अब तक का सबसे ऊंचा रिकार्ड कायम करेगी । यह पहले के सबसे ऊंचे आंकड़े से 80 लाख मीट्रिक टन अधिक है । अप्रेल, 1981 और जनवरी, 1982 के दौरान सभी खास-खास उद्योगों के उत्पादन में खासी बढ़ोतरी हुई है । इसकी कुछ ध्यान देने योग्य मिसालें इस प्रकार हैं : बिक्री योग्य इस्पात (18.7 फीसदी), सीमेंट (15.0 फीसदी), नाइट्रोजन वाली खाद (51.9 फीसदी), कच्चा पेट्रोलियम (61.2 फीसदी) और पेट्रोलियम की चीजें (18.4 फीसदी) ।

3. इस बात के पक्के आसार हैं कि इन और दूसरे उद्योगों में और भी ज्यादा उत्पादन होगा । रासायनिक खाद के मामले में तीन नये कारखानों में उत्पादन शुरू हो गया है और मौजूदा कारखानों का प्रसार हो गया है। उससे नाइट्रोजन खादों की पैदावार की क्षमता 45.75 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 53 लाख मीट्रिक टन हो जायेगी । फास्फेट की क्षमता 12.82 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 14.90 लाख मीट्रिक टन हो जायेगी। पेट्रोलियम के मामले में 1980-81 के दौरान बाहर 105 लाख मीट्रिक टन कच्चे तेल की उत्पादन की तुलना में 1981-82 के साल में कुल उत्पादन 160 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा हो सकेगा । बम्बई हाई के पूरब के समुद्री इलाके, पाक स्ट्रेट, गुजरात में सिसोदरा, आसाम में नापामुआ में तेल का पता चला है । त्रिपुरा में बारामुरा और गुजरात में कुदारा के मुकाम पर गैस का पता चला है । इससे यह यकीन होता है कि इनके उत्पादन की रफ्तार और तेज होगी । तेल को साफ करने की हमारी क्षमता 1980-81 में 318 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 1981-82 में 378 लाख मीट्रिक टन हो गयी है । खाना पकाने की गैस का जो उत्पादन चालू साल में 15 फीसदी बढ़ा है आने वाले साल में उसके कोई 40 फीसदी और बढ़ जाने की उम्मीद है । तब उसकी मांग और सप्लाई की हालत में काफी सुधार दिखाई पड़ेगा । उम्मीद है कि छः मिले-जुले इस्पात कारखानों में बिक्री के काबिल इस्पात की पैदावार 72 लाख मीट्रिक टन की सतह को छू लेगी जो अब तक की सबसे ऊंची सतह है । यह पिछले साल की पैदावार के मुकाबले 10 लाख मीट्रिक टन से भी ज्यादा होगा । यह इस बात का सबूत होगा कि इस्पात कारखानों की लगभग 84 फीसदी क्षमता का इस्तेमाल कर लिया गया है । सितम्बर, 1981 में सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूर किया कि पारादीप में एक मिला-जुला इस्पात कारखाना खड़ा किया जाये । विशाखापत्तनम में एक मिले जुले इस्पात कारखाने को खड़ा करने का फैसला तो हो ही चुका है । इन बातों से जाहिर है कि सरकार ने इस बारे में अपनी कमर पूरी तरह कस ली है कि वह अपनी मौजूदा क्षमता को इतना बढ़ाकर ही दम लेगी कि इस अहम सैक्टर में अपनी जरूरतों को खुद पूरा किया जा सके ।

4. कल-कारखानों में पैदावार की जो रफ्तार बन चुकी है इसे कायम रखने के लिए और माली तरक्की में तेजी लाने के लिए 1982 के साल को 'उत्पादकता का साल' के रूप में मनाया जा रहा है । हम पूरे जोर-शोर से इस बात की कोशिश करेंगे कि अर्थव्यवस्था के सभी सैक्टरों में जो हमारी

क्षमता है, उसका हम ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल कर सकें ।

5. 1981-82 में खेती की पैदावार भी बहुत अच्छी होने की उम्मीद है । जो अंदाजा लगाया गया है, उससे पता चलता है कि खरीफ की फसल की उपज अब तक की पैदावार को लांघती हुई 799 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच जायेगी । आशा है कि पूरे साल में अनाज की पैदावार बढ़कर पहले के रिकार्ड को तोड़ते हुए 1320 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच जायेगी । 1980-81 की पैदावार 1299 लाख मीट्रिक टन थी । उसके मुकाबले इस साल का उत्पादन जाहिरा तौर पर बहुत अच्छा होगा जबकि 1980-81 की पैदावार ही 1979-80 के मुकाबले 18.4 फीसदी ज्यादा थी ।

6. गन्ने की जो पैदावार 1979-80 में घटकर 1290 लाख मीट्रिक टन रह गई थी, 1980-81 में 1505 लाख मीट्रिक टन तक पहुंची थी और इस साल इसके 1700 और 1800 लाख मीट्रिक टन के बीच पहुंच जाने की उम्मीद है। अनुमान है कि दालों की पैदावार जो 1979-80 में 86 लाख मीट्रिक टन और 1980-81 में 112 लाख मीट्रिक टन थी, वह इस साल बढ़कर 120 से 130 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच जायेगी । जहां सरकार ने इस बात का इन्तजाम कर लिया है कि खेती के आदान काफी मात्रा में वक्त पर मिल सकें, वहां खेती में ध्यान देने योग्य हमारी तरक्की बहुत कुछ हमारे किसानों के उत्साह, लगन और कड़ी मेहनत का ही नतीजा है । उसका सेहरा उनके सिर पर ही बंधना चाहिये ।

7. 1980-81 के दौरान 24 लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई की और गुंजाइश पैदा की गई । 1980-81 के दौरान 26 लाख हेक्टेयर जमीन में सिंचाई का इन्तजाम हो जाने की उम्मीद है । इस तरह इन दो सालों में 50 लाख हेक्टेयर जमीन में सिंचाई की सहूलियत हो जायेगी । छठी योजना के बाकी तीन सालों में हर साल 30 लाख हेक्टेयर जमीन जोड़ते चले जाने का हमारा इरादा है । एक साल में सिंचाई का सबसे ज्यादा इंतजाम करने का यह हमारा रिकार्ड है । दुनियां का कोई भी दूसरा मुल्क अभी तक इसे नहीं कर सका है । सरकार ने पानी के साधनों के विकास के लिए एक नेशनल प्लान भी तैयार किया है । वह राज्य सरकारों के साथ सलाह मशविरा करेगी और छानबीन करेगी । हमारे देश में जो पानी के साधन मौजूद हैं उनका अच्छे से अच्छा उपयोग करने के सिलसिले में योजना तैयार करने के लिए एक राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी बनाई जायेगी । शुरू शुरू में वह देश के दक्षिणी भाग में नदियों के पानी के इस्तेमाल के बारे में योजना बनायेगी। इस साल के दौरान दो खास बातें हुई हैं । वे ये हैं कि नर्मदा नदी के पानी के इस्तेमाल के बारे में सहमति तथा रावी और व्यास नदियों के फालतू पानी की हिस्सेदारी के बारे में समझौता हो गया है । मैं इन दोनों के लिए इससे ताल्लुक रखने वाली राज्य सरकारों को मुबारकबाद देता हूं ।

एक सेंट्रल लैंड रिसोर्सेज कन्जर्वेशन एंड डेवलपमेंट कमीशन कायम किया जा रहा है । वह जमीन के साधनों के इन्तजाम के वास्ते राष्ट्रीय नीति बनाने के मामले में विशिष्ट मार्गदर्शन करेगा और राज्यों में जमीनों के इस्तेमाल के सिलसिले में मौजूदा बोर्डों के साथ तालमेल रखेगा । जंगलात की हिफाजत के 1980 के कानून के लागू किये जाने से पहले हर साल जंगलात की लगभग 1.5 लाख हेक्टेयर जमीन जो दूसरे प्रयोगों में लाई जाती थी, अब उस मसले पर काबू पा लिया गया है । चूंकि भारतीय वन कानून, 1927 सभी राज्यों में एक जैसा लागू नहीं होता इसलिए यह विचार किया जा रहा है कि मौजूदा कानून की जगह लेने के लिए एक और बड़ा कानून पेश किया जाये । समाजी रूप से वन लगाने के प्रोग्राम के तहत उम्मीद की जाती है कि 1981-82 में 135 करोड़ पौधे लगाये गये हैं। देहाती इलाकों में कर्ज दिये जाने की सहूलियतें और ज्यादा बढ़ें, इसके लिए एक राष्ट्रीय बैंक कायम करने के बारे में कानून का पास हो जाना एक खासा कदम है ।

9. सरकार की ताकत मुद्रा के फैलाव पर काबू पाने में लगी रही । मुद्रा के फैलाव पर काबू पाने के तरीके हैं कि पैदावार बढ़ाई

जाये, कारखानों के उत्पादन की क्षमता का पूरा इस्तेमाल किया जाये, लोगों को जरूरत की चीजें दिलाने की व्यवस्था को मजबूत बनाया जाये, जब जरूरत हो जरूरी चीजों को बाहर से मंगाया जाये, राजस्व और मुद्रा के मामले में अनुशासन हो और समाज-विरोधी लोगों की हरकतों को रोका जाये। मुद्रा के फैलाव की सालाना दर, जो थोक भावों के प्वाइंट दर प्वाइंट बढ़ाने-घटाने से मापी गई है, 12 जनवरी, 1980 को खत्म होने वाले हफ्ते में 22.2 फीसदी से घटकर 10 जनवरी, 1981 को खत्म होने वाले हफ्ते में 14.8 फीसदी और 9 जनवरी, 1982 को खत्म होने वाले हफ्ते में और भी घटकर 6.9 फीसदी रह गई है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान यानी 28 मार्च, 1981 और 23 जनवरी, 1982 में इन्डेक्स सिर्फ 2.8 फीसदी बढ़ा है जो पिछले साल इसी अर्से के दौरान हुई 14.1 फीसदी बढ़ोत्तरी के मुकाबले काफी कम है। मार्च, 1981 में उचित दर की दुकानों की तादाद 2 लाख 73 हजार थी उसके मुकाबले नवम्बर, 1981 में इनकी तादाद 2 लाख 98 हजार हो गई। इस तरह मुद्रा के फैलाव के खिलाफ जो मुहिम है, उसकी चौकसी करने में कोई कमी नहीं की जायेगी।

10. जबकि मौजूदा रूप से मुद्रा के फैलाव के खिलाफ लड़ाई में और अच्छे नतीजे निकलने की आशा है, व्यापार भुगतान के हालात में बिगाड़ से निपटने के लिए और ज्यादा कोशिशों की जरूरत है। 1980-81 में तेल और तेल की चीजों को बाहर से मंगाने में दी जाने वाली कीमतों में तेजी से इजाफा हो जाने के सबब इस बरस व्यापार का घाटा बढ़कर करीब 5,500 करोड़ रुपये हो गया था जबकि 1979-80 में यह घाटा 2,450 करोड़ रुपये था। इन हालात से निपटने के लिए और लगातार तरक्की करने के लिए सरकार ने इन्टर-नेशनल मोनेटरी फन्ड से एक करार किया है जिसके तहत हम अगले तीन सालों में एस डी आर पांच बिलियन निकाल सकेंगे।

11. निर्यात बढ़ाने के लिये कई उपाय किये गये हैं। उनकी वजह से अप्रैल-नवम्बर, 1981 के दौरान अन्दाजा है कि दूसरे मुल्कों को जाने वाले माल में 15.4 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। देश के माली-सिस्टम की पैदावार की गुंजाइश बढ़ाने के लिये जो कदम उठाये गये हैं, उनका नतीजा यह है कि बाहर से माल मंगाने के बिल में इसी दौरान 11.4 फीसदी की कमी आई है। इस बात का यकीन किया जा सकता है कि पिछले चन्द सालों में व्यापार भुगतान में जो घाटा बढ़ता चला जा रहा था वह 1981-82 में रुक जायेगा। संसद को भी पता है कि निर्यात के लिए कर्जों में मदद देने के वास्ते एक एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक कायम किया गया है। आने वाले सालों में निर्यात बढ़ाने के काम को तरजीह दी जाती रहेगी।

12. अंदाज लगाया गया है कि केन्द्रीय सरकार के मातहत सरकारी उद्योगों में अप्रैल-सितम्बर, 1981 में, पिछले साल के इसी अर्से के मुकाबले पैदावार के इजाफे की कुल दर 20 फीसदी हो जायेगी। इस काम के और अच्छा होने की गुंजाइश और जरूरत है। सरकारी सैक्टर के उद्योग-धन्धे को और ज्यादा ताकत देकर, इनके काम-काज के तरीकों को आसान बनाकर और इनकी जवाबदेही में और कड़ाई लाकर इनके काम को ठीक तरह चलाने और बेहतर बनाने के लिये कदम उठाये जा रहे हैं।

13. सरकार को कामगारों की बेहतरी की बहुत फिक्र है क्योंकि ये लोग पैदा करने की देश की ताकत और पैदावार बढ़ाने में खासा रोल अदा करते हैं। औद्योगिक झगड़ों, ट्रेड यूनियनों, कामकाज के तरीकों की वजह से होने वाली देरी को दूर करने और कामगारों को तेजी से इंसाफ दिलाने से ताल्लुक रखने वाले कानूनों में तबदीली करने के लिए इस सेशन में एक बिल पेश करने का विचार है। मजदूरों के मसलों का पहले से अनुमान लगाने और उनको फौरन हल करने के लिए औद्योगिक रिश्तों से ताल्लुक रखने वाली मशीनरी को मजबूत और कारगर बनाया जा रहा है।

14. बीस सूत्री कार्यक्रम में संशोधन किया गया है ताकि छठे प्लान में शामिल कुछ खास समाजी तथा आर्थिक प्रोग्रामों को और ज्यादा तेजी से चलाया जा सके। मोटे तौर पर इसके जरिये उस मकसद को और ज्यादा ठोस बना दिया गया है जिसकी तमन्ना हम सबके लिए, खास तौर पर कमजोर वर्गों के लिए छठे प्लान में की गई है। ऐसे प्रोग्रामों पर खास जोर दिया जा रहा है जिनसे उन वर्गों की मदद की जा सके जिनके लिए खास लक्ष्य तय किये गये हैं। मदद का यह काम मिले-जुले देहाती विकास प्रोग्राम, शेड्यूल्ड कास्ट कम्पोनेंट प्लान और हिल एंड ट्राइबल सब प्लान, गंदी बस्ती सफाई प्रोग्रामों और देहाती परिवारों को रहने की जगह देने के प्रोग्राम के जरिये होना है। जहां संशोधित बीस सूत्री कार्यक्रम का खास जोर इस बात पर रहेगा कि आबादी के कम सुविधा वाले तबकों के लिए रहन-सहन का और अच्छा इन्तजाम होता रहे, वहां समूचे प्रोग्राम का मकसद यह है कि सब तरफ पैदावार की जो हमारी शक्ति है वह दिनों-दिन बढ़ती चली जाये।

15. 1981 की जनगणना से यह साफ हो गया है कि आबादी पर काबू पाने का खासा महत्व है। सरकार इस बात पर बहुत ज्यादा जोर देती है कि लोग अपनी मर्जी से परिवार-नियोजन को अपनाएं ताकि वह लोक-हित का और देश की तरक्की का एक निहायत जरूरी हिस्सा बन सके। इसीलिए इस बात को संशोधित बीस-सूत्री कार्यक्रम में शामिल किया गया है। हमारा मकसद यह है कि इस सदी के आखिर तक हम जन्म-दर को घटाकर फी हजार 21 तक और मौत की दर को 9 तक ले आयें। मैं इस बात की तरफ भी आपका ध्यान दिलाना चाहूंगा कि कोढ़ और अन्धेपन पर काबू पाने के मुल्क के प्रोग्रामों में भी तेजी लाई गई है ताकि सन् 2000 तक "सबकी तन्दुरुस्ती रहे", के मकसद को पूरा किया जा सके। अब इन दोनों प्रोग्रामों को ऐसा समझा जा रहा है कि वे 100 फीसदी केन्द्रीय सरकार के प्रोग्राम हैं।

16. इस काम में भी तेजी लाई जा रही है कि सभी बच्चों के लिये शुरू की तालीम का इन्तजाम किया जाये और अनपढ़ बालिग लोगों के लिये शिक्षा के उचित कार्यक्रम चलाये जायें। सरकार ने गैर-रस्मी शिक्षा का बहुत बड़ा कार्यक्रम भी शुरू किया है। पेशों से संबंध रखने वाली शिक्षा की विषय-वस्तु को बदलने का विचार है। ऊंची शिक्षा में खास तौर पर ऊंची तकनीकी शिक्षा में जोर किस्म पर दिया जायेगा।

17. इस साल के दौरान स्पेस टैक्नोलाजी और संचार में काफी तरक्की हुई है। भारत में बने तीन सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे गये। रोहिणी को हमारे अपने सैटेलाइट भेजने के यान ने आकाश में भेजा। इसके अलावा तजुर्बे के तौर पर संचार सैटेलाइट 'एपल' और धरती को निरख-परख करने वाला सैटेलाइट 'भास्कर-2' भी भेजे गये। नवम्बर, 1981 में जब इन्टेलसैट IV की मदद से जम्मू और काश्मीर में लेह, मिजोरम में एजोल, अन्डमान और निकोबार में पोर्ट ब्लेयर और कार निकोबार तथा लक्षद्वीप में कवरट्टी जैसे दूरदराज के इलाकों के साथ सैटेलाइट के जरिये सम्बन्ध कायम किया गया तब भारत संसार के कुछ उन देशों में से एक ऐसा देश बन गया जिनके पास देश के अन्दर संचार के लिए सैटेलाइट है। रूस के साथ एक ट्रोपोस्कैटर संचार सम्पर्क, श्रीलंका के साथ समुद्री तार और बांगलादेश के साथ माइक्रोवेव सम्पर्क कायम किया गया है। इस दिशा में दूसरा अगला बड़ा कदम 'इन्सैट' नाम के एक इंडियन नेशनल सैटेलाइट को अप्रैल, 1982 में छोड़ा जाना है। इस सैटेलाइट का इस्तेमाल मौसम-विज्ञान, संचार और रेडियो तथा दूरदर्शन के लिये किया जायेगा। माइक्रोवेव सम्पर्क भारत के मद्रास, बंगलोर, बम्बई, दिल्ली जैसे बड़े-बड़े नगरों के बीच पहले ही कायम हो चुका है। इस वेव के जरिये दूरदर्शन कार्यक्रम भी देखे जा सकेंगे। दिल्ली और कलकत्ता तथा दिल्ली-श्रीनगर के बीच सम्पर्क का काम जून, 1982 तक पूरा हो जायेगा और शहरों तथा देहातों के बहुत से इलाकों में सैटेलाइट और माइक्रोवेव सिस्टम चालू हो जायेगा।

18. इस साल कैबिनेट की साइंस सलाहकार कमेटी बनाई गई है। साइंस और टैक्नोलाजी के दायरे में बेरोजगारी को कम करने के लिए सरकार एक साइंस एण्ड टैक्नोलाजी एण्टरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट बोर्ड कायम कर रही है। इसके अलावा कुछ दूसरे बड़े कदम उठाये गये हैं। उनमें एडीशनल सोर्स आफ एनर्जी के लिए एक कमीशन का कायम किया जाना भी है। वह समूचे देश में बड़े पैमाने पर खोज और तरक्की तथा प्रदर्शन के बहुत से कार्यक्रम शुरू कर चुका है। एक और बड़े फैसले के मुताबिक एक कौमी बायोटैक्नोलाजी बोर्ड कायम किया जायेगा जो बायोटैक्नोलाजी के काम में तालमेल रखेगा जो खेती, चिकित्सा और औद्योगिक क्षेत्र में महत्व रखती है। साथ ही दिल्ली में इम्यूनोलाजी के लिये एक राष्ट्रीय संस्था और अहमदाबाद में एक प्लाजमा फिजिक्स प्रोग्राम कायम किया गया है।

19. वायुमंडल से संबंध रखने वाले विभाग ने हमारे चारों ओर के पेड़, पौधों वगैरह को बचाने के लिए प्रोग्राम शुरू किये हैं। इसने एक नैशनल इको-डेवलपमेंट बोर्ड भी कायम किया है। विभाग ने ऐसे कुछ तरीके ईजाद किये हैं ताकि यह जायजा लिया जा सके कि बड़े-बड़े प्रोजेक्टों का हमारे चारों तरफ के हवा-पानी वगैरह पर क्या असर पड़ता है और इस बात की निगरानी की जा सके कि ऐसे प्रोजेक्टों में हवा-पानी वगैरह की हिफाजत का काम चल रहा है या नहीं।

20 जुलाई 1981 में कायम किये गये समन्दरों की तरक्की से संबंधित विभाग, समन्दरों की तरक्की के लिये आने वाले वक्त को ध्यान में रखकर एक योजना तैयार कर रहा है। इसने दक्षिणी ध्रुव के लिये एक वैज्ञानिक अभियान दल भेजा है जो दो महीने से ज्यादा के कामयाब समन्दरी सफर के बाद इसके नेता वापस आ चुके हैं और दूसरे लोग जल्दी ही वापस लौट रहे हैं। इस दल के काम में मौसम विज्ञान, ग्लेश्योलाजी और समुद्र-विज्ञान के दायरे में वैज्ञानिक जांच का बहुत सा काम शामिल है।

21. अब मैं कानून और व्यवस्था से संबंध रखने वाले कुछ मसलों को लूंगा। फिर्केवाराना हितों द्वारा फैलाये गये आन्दोलनों में कौम की ताकत जाया नहीं की जानी चाहिए। आगे बढ़ने के लिये इसके सिवाय और कोई सूरत नहीं है। कुछ जगहों पर शैडयूल्ड कास्ट के लोगों पर जो जुल्म ढाये गये हैं उनसे सरकार दुःखी है। उसने इस बात का बीड़ा उठा लिया है कि सभी तबकों के लोग हिफाजत और इज्जत के साथ रहें। जो लोग कसूरवार पाये जायेंगे, उनके साथ सख्ती से निबटा जायेगा। इन वर्गों के सामने जो मसले हैं, वे देश के बड़े समाजी-माली समस्याओं से अलग नहीं हैं। फिर्कापरस्ती और जातिवाद में यकीन रखने वाली उन ताकतों के खिलाफ लड़ने के लिए जनता का पूरा-पूरा सहयोग जरूरी है जो अक्सर समाज विरोधी लोगों के साथ सांठ-गांठ रखती हैं। अनुसूचित जातियों और जन-जातियों तथा कमजोर तबकों के मिले-जुले समाजी-माली विकास के प्रोग्रामों को तेज कर दिया गया है। उनके लिए पहले से कहीं ज्यादा रुपये-पैसे का इंतजाम किया गया है। इन प्रोग्रामों को अमल में लाने के तरीके पर पैनी निगाह रखी जायेगी।

22. आसाम में विदेशियों के मसलों का उचित और संतोषजनक हल खोजने की अपनी सच्ची कोशिशों के हिस्से के रूप में सरकार ने आन्दोलन करने वाले संगठनों के नुमाइन्दों और सियासी पार्टियों के नेताओं से कई बार बातचीत की। ये कोशिशें जारी हैं।

23. दुनिया में मुल्कों के आपसी रिश्ते बिगड़ते जा रहे हैं। हमारे चारों तरफ फौजी जमाव व मौजूदगी बढ़ती जा रही है। यह एक ऐसा खतरा है जिसकी हम सबको अपने मन में यह पक्का निश्चय कर लेना चाहिए कि हम गुटों से अलग रहते हुए मत-भेदों को शांति के साथ निपटाते हुए कौम की हिफाजत और उसके हितों की रक्षा करेंगे। हम हृदय से यह आशा करते हैं कि बड़ी-बड़ी फौजी ताकतें इस बात का एहसास करेंगी कि लड़ाई-झगड़ा बेकार होता है और वे विकास और भलाई के साधनों को हथियार बनाने के काम में नहीं लगायेंगी और इससे परे रहेंगी। अफसोस की बात है कि दूसरे

मुल्कों की समर नीति की वजह से हम पर फालतू बोझ पड़े। हम चैन से बैठने की हालत में नहीं हैं। मुल्क को हर वक्त तैयार रखने और बाहरी चुनौतियों का सामना करने के लिये उससे भारी कुर्बानियां करने के लिये कहना ही पड़ेगा।

24. अपने नजदीक के पड़ोसी के साथ और ज्यादा आपसी विश्वास और नजदीकी दोस्ती के संबंध रखने की हमारी कोशिश जारी रही है। मैं अभी श्रीलंका की उपयोगी यात्रा से लौटा हूं। इससे पहले, मैं नेपाल और इन्डोनेशिया भी गया था। भूटान नरेश जल्दी ही हमारे यहां आने वाले हैं। हमारे विदेश मंत्री वर्मा, वियतनाम और थाईलैंड हो आये हैं। बांग्लादेश के साथ हमारा कई बार विचारों का लाभप्रद आदान-प्रदान हुआ है। चीन के साथ संबंधों में सुधार करने के लिये और कदम उठाये गये हैं। इस वर्ष के दौरान चीन के विदेश मंत्री की यात्रा के बाद सीमा और राज्य क्षेत्र के प्रश्न व दूसरे मुल्कों से संबंध रखने वाले मुद्दों पर बातचीत करने के लिये एक सरकारी डेलीगेशन बीजिंग गया था। जहां तक पाकिस्तान का संबंध है, संसद को इस बात की जानकारी है कि पाकिस्तान द्वारा बहुत ही नये किस्म के हथियार हासिल करने के फैसले और उसके न्यूक्लियर प्रोग्राम के बारे में लगातार जो अंतराष्ट्रीय समाचार मिल रहे हैं, उनसे समूचा देश चिंता में पड़ गया है। बढ़िया किस्म के विमान प्राप्त करने के अपने इरादे का एलान करते हुए पाकिस्तान ने हमको सूचना दी कि वह जंग न करने का समझौता करने की इच्छा रखता है। यह एक ऐसा सुझाव है जिसे हम पिछले वर्षों में कई बार कई तरह से उसके सामने रख चुके हैं। दिसम्बर, 1981 में हमने पाकिस्तान के सामने उन उसूलों की एक रूपरेखा रखी जिनके आधार पर इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिये बातचीत की जा सकती है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री की हाल की यात्रा के दौरान इस बातचीत को आगे बढ़ाया गया। हमने अमन और दोस्ती की अपनी इच्छा को दोहराया और साथ ही अपना यह निश्चय व्यक्त किया कि मुद्दों को दोनों देशों के बीच बातचीत से तय किया जाना चाहिये। हमें खुशी है कि पाकिस्तान ने हमारे दोनों देशों के आपसी संबंधों के समूचे दायरे की जांच करने, उनको नया बनाने और उन्हें बढ़ावा देने के लिये दोनों देशों का एक कमीशन बनाने का हमारा प्रस्ताव मंजूर कर लिया है।

25. हमारे महाद्वीप में दूसरी जगह तनाव बना हुआ है। अफगानिस्तान का मसला और ईरान-ईराक के बीच झगड़ा अभी तय नहीं हुआ है। फिलिस्तीन की जनता के अधिकारों में बाधा चली आ रही है। हिन्द महासागर शान्ति का क्षेत्र बनने से अभी कोसों दूर है।

26. कुछ आशा के संकेत भी हैं जैसे पिछले वर्ष नई दिल्ली में हुए गुटों से बाहर के देशों के विदेश मंत्रियों की कान्फ्रेन्स के बाद गुटों से अलग रहने के आन्दोलन में नया जोश, राष्ट्रों के बीच सहयोग को और बढ़ावा देने के बारे में कामन्वेल्थ मुल्कों की पहल, तरक्कीयाफ्ता और तरक्की कर रहे मुल्कों के बीच बातचीत की कोशिशों की शुरुआत जो चाहे कितनी हो छोटी क्यों न हो। प्रधान मंत्री ने मेलबोर्न में कमनवेल्थ देशों की सरकारों के अध्यक्षों की बैठक में और कानकून, मैक्सिको में सहयोग और कानकुन, मैक्सिको में सहयोग और तरक्की की इन्टरनेशनल कान्फ्रेंस में हिस्सा लिया। साल के दौरान आस्ट्रेलिया, बुल्गारिया, फिजी, फ्रांस इटली, कुवैत केन्या इन्डोनेशिया, फिलिपीन्स, रूमानिया, सैशेल्स, स्विट्जरलैंड, टोंगा और युनाइटेड अरब अमीरात की यात्रा से उन देशों के साथ दोस्ती और मजबूत हुई है। मेरे पिछले भाषण के बाद केन्या, फेडरल रिपब्लिक आफ जर्मनी, गिनी, तंजानिया, ब्रिटेन, बाहरीन, पी डी आर यमन, जिम्बाबवे, नारू, आस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, बोतस्वाना, घाना, वेनेजुएला, उगांडा, स्पेन और स्वीडन की सरकारों या राष्ट्रों के प्रमुखों ने हमारे देश की यात्रा की है जो सब की सब उपयोगी रही हैं। हम अगले हफ्ते प्रेसीडेन्ट नायरेरे की यात्रा और कुछ विकासशील देशों की कान्फ्रेन्स का इन्तजार कर रहे हैं। विकासशील देशों के बीच और ज्यादा सहयोग आपस में फायदेमंद है और आगे बढ़े हुए देशों के साथ व्यवहार में उन्हें सामूहिक रूप से शक्ति मिलती है।

27. मौजूदा सत्र में बकाया काम को पूरा करने के अलावा विचार के लिये आपके सामने बहुत से विधान संबंधी नये बिल आयेंगे। उनमें यह भी शामिल होंगे—

दि लैंड एक्वीजीशन (अमेंडमेंट) बिल, 1982, और इलाहाबाद और हल्दिया के बीच गंगा को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित करने के लिये नेशनल वाटरवे बिल-1982।

28. माननीय सदस्यगण, दुनिया एक बड़ी ही कठिन घड़ी से गुजर रही है। हमारे अपने भी मसले कोई कम नहीं हैं। हमारी खुशकिस्मती है कि हमारा एक ऐसा राष्ट्र है जिसके सामने एक भरपूर उद्देश्य है। हमारी जनता ने भी दिखा दिया है कि वह असीम धीरज से चुनौतियों का मिलकर, एकजुट होकर मुकाबला कर सकती है। जिस प्रजातंत्र में राय जाहिर करने और संगठन बनाने की आजादी की गारन्टी दी गई हो, उसमें सियासी मतभेद तो होंगे ही लेकिन, मतभेद को फूट की भोंडी शक्ल अख्तियार नहीं करनी चाहिये। मुल्क की भलाई एक ऐसा मकसद है, जिसके लिए आपसी झगड़ों को भुलाकर हमें मिलकर काम करने की सीख लेनी चाहिए। हमारे पास इतनी शक्ति और साधन हैं कि हम तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। छठे प्लान के पहले दो साल ऐसे साल हैं, जिसमें चीजों को पक्की तौर पर जमाने की कोशिश की गई है। आइये, इस ताकत का इस्तेमाल हम प्लान के अगले तीन वर्षों को ऐसे बरस बनाने के लिए करें जिनमें हमारे कदम आगे ही आगे बढ़ते रहें।

जय हिन्द।

12.35 hrs.

OBITUARY REFERENCES

MR. SPEAKER: Hon. Members, as we meet today after an interval of about two months, it is my sad duty to inform the House of the passing away of Sarvashri Jyotirmoy Bosu, Munder Sharma and Mohan Lal Sukhadia, sitting Members of this House and four of our former colleagues, namely Sarvashri Sumat Prasad, P. Kakkan, S. C. Besra and Jaisukh Lal Hathi.

Shri Jyotirmoy Bosu who was sitting Member of this House from the Diamond Harbour Constituency in West Bengal died after a massive heart attack on 12th January, 1982 at Jaipur where he had gone to attend the meeting of the Railway Convention Committee. He was 61. Shri Bosu first elected as a Member of Parliament in 1967. Shri Bosu was a Member of the Fourth. Fifth and Sixth Lok Sabha also during the years 1967-79. He was Chairman of Public Accounts Committee during the years 1973-75 and Chairman of Public Undertakings Committee during the years 1977-79. At the time of his death he was a member of Rules Committee, Business Advisory Committee and the House Committee of Lok Sabha as also of the Railway Convention Committee of Parliament.

Shri Bosu had been the President of the Indo-Soviet Friendship Society and also President and Executive member of a number of Trade Union Organisations. Shri Bosu was a Parliamentarian of great dedication to the causes dear to his heart. He spared no pains to gather facts and delve deep into details in order to reinforce his points. He enjoyed a great felicity of language and used his pen and tongue powerfully for causes which were dear to him.

He had a great feeling for the lot of a common parliamentarian and he did all he could to draw attention to the need for improving the level of facilities available to him.

He was secular in his outlook and a great champion of communal harmony. He had worked ceaselessly during the communal riots in Calcutta in 1964 to bring about reconciliation amongst the communities.